**उत्पात** — रास्ते में मकान व फसलों को पहुंचाया नुकसान, वन विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद निकाला बाहर

# हाथी के नगर प्रवेश से जैतहरी में अफरा-तफरी

**अनूपपुर, नवभारत 4 सितंबर।** अनूपपुर जिले में पिछले 14 दिनों से एक अकेला नर हाथी लगातार ग्रामीण अंचलों और जंगलों में विचरण कर रहा है। हाथी द्वारा अब तक दो मकानों में तोड़फोड़ और विभिन्न गांवों के खेतों व बाड़ियों में लगी फसलों को नुकसान पहुंचाया जा चुका है। बुधवार की रात यह हाथी अचानक जैतहरी नगर में घुस आया, जिससे अफरातफरी मच गई।

मंगलवार को हाथी किरर बीट के जंगल में ठहरा और रात होते ही गोबरी के जंगल की ओर



बढ़ गया। बुधवार की रात उसने नगर परिषद जैतहरी के वार्ड 15, चारबंजारी टोला और बस स्टैंड क्षेत्र में विचरण किया। अचानक नगर में हाथी के पहुंचने से अफरातफरी का माहौल बन गया। वन विभाग और स्थानीय लोगों ने पटाखे फोड़कर व शोर मचाकर हाथी को नगर से बाहर निकाला।

### डालाडीह गांव के मकानों में की तोड़फोड़

इसके बाद हाथी ने लहरपुर और पचौहा गांव के जंगल से होते हुए पचौहा वार्ड क्रमांक 10 निवासी राम सिंह के मकान में तोड़फोड़ की और आसपास के खेतों में लगी फसलों को खाया। गुरुवार सुबह यह हाथी जैतहरी वन परिक्षेत्र के धनगवां बीट के जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहा है। मंगलवार की रात हाथी ने ग्राम डालाडीह निवासी भागचंद बैगा के घर में तोड़फोड़ की थी।

### दुधमनिया गांव के ग्रामीणों में दहशत

दुधमनिया गांव में हाथी के दौड़ने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई थी और भागते समय एक ग्रामीण व एक वनरक्षक घायल भी हो गए थे। हाथी ने दो मोटरसाइकिलों को भी धक्का देकर क्षतिग्रस्त कर दिया था। वन विभाग का अनुमान है कि गुरुवार की रात हाथी कुकुरगोड़ा, चोलना, चोई और पड़रिया क्षेत्र से आगे बढ़कर छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा में प्रवेश कर सकता है। यह हाथी पिछले माह आए चार हाथियों के दल का हिस्सा था, जो मरवाही क्षेत्र से अलग होकर अब अनूपपुर जिले में अकेले विचरण कर रहा है।

# सूने घर में चोरी करने वाला गिरफ्तार

### एक साल बाद पुलिस को मिली सफलता

**अनूपपुर, नवभारत 4 सितंबर।** लगभग एक वर्ष पूर्व रामनगर थाना क्षेत्र के बाबू लाइन राजनगर स्थित एक मकान से हुई चोरी का पर्दाफाश कर पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार फरियादी कृष्णा कुमार सिंह पिता स्व. रामेश्वर सिंह निवासी बाबू लाइन राजनगर ने 28 मई 2024 को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि फरियादी परिवार सहित मां के निधन के कारण ग्राम नोनार जिला भोजपुर (बिहार) गए हुए थे। 25 मई 2024 को जब वे घर लौटे तो देखा कि उनके घर के स्टोर रूम



की शीट कटी हुई थी और बड़ी पेटी का कुंदा टूटा हुआ था। पेटी खोलने पर पता चला कि उसमें रखे पीतल-कांसा के बर्तन, सोने-चांदी के जेवर एवं 2 हजार रुपये नकद चोरी हो चुके हैं।

**चोरी गया माल किया बरामद-** इसके बाद थाना रामनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने जांच के दौरान एक आरोपी को तत्काल ही गिरफ्तार कर लिया गया था, जबकि दूसरा आरोपी रवि केवट घटना दिनांक से फरार था। लगातार खोजबीन और पतासाजी के बाद पुलिस ने 4 सितम्बर को आरोपी रवि केवट को गिरफ्तार कर चोरी गया माल बरामद कर लिया है।

# 20 लीटर से अधिक अंग्रेजी शराब जब्त



**कोतमा, नवभारत 4 सितंबर।** पुलिस ने कोतमा क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए एक घर से करीब 20.850 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की है। बरामद शराब की कीमत लगभग 25 हजार 50 आंकी गई है।

थाना प्रभारी कोतमा निरीक्षक रत्नाम्बर शुक्लो को 3 सितम्बर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि वार्ड क्रमांक 8, तेलियान टोला निवासी मुन्ना लाल साहू अपने घर पर अवैध शराब बिक्री हेतु संग्रहित किए हुए है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम गठित कर रेड की गई। तलाशी में 37 पाव रॉयल स्टैग अंग्रेजी शराब, 11 बोतल मैकडावल अंग्रेजी शराब, 33 पाव मैकडावल नं. 1 अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए पुलिस ने आरोपी मुन्ना लाल साहू एवं उसके बेटे राहुल साहू को गिरफ्तार किया।

## ग्राहक का इंतजार कर रहा गांजा तस्कर गिरफ्तार

**नवभारत कटनी।** जिले के बरही थाना अंतर्गत पिपरिया कला रेलवे स्टेशन के पास से पुलिस ने एक युवक को गांजा सहित पकड़ा है। आरोपी युवक गांजा बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा था। पुलिस ने आरोपी से लगभग 9 किलो 8 सौ ग्राम गांजा जब्त किया है। जिसकी अनुमानित कीमत करीब डेढ़ लाख रूपए आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि दो-तीन सितंबर की दरम्यानी रात मुखबिर से सूचना मिली थी कि पिपरिया कला रेलवे स्टेशन के पास एक युवक गांजा लिए हुए है और ग्राहक का इंतजार कर रहा है। जिसके बाद पुलिस टीम को दबिश के लिए भेजा गया।

# किसानों से निरंतर संवाद स्थापित किया जाए : पांडेय

### उर्वरक उपलब्धता और वितरण की अपर कलेक्टर ने की समीक्षा

**अनूपपुर, नवभारत 4 सितंबर।** जिले में किसानों को समय पर और पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय ने शुक्रवार को किसान संगठनों के प्रतिनिधियों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों से निरंतर संवाद स्थापित कर उनकी आवश्यकताओं के अनुसार उर्वरक वितरण सुनिश्चित किया




जाए। अपर कलेक्टर ने कहा कि जिले में उर्वरक वितरण व्यवस्था की पुख्ता निगरानी की जाए। डबल लॉक पैक्स एवं निजी विक्रय केन्द्रों का आकस्मिक सत्यापन कर उनकी गहन मॉनिटरिंग की जाए। कृषि, सहकारी बैंक और विपणन संघ के अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों के अनुविभागीय अधिकारियों के सतत संपर्क में रहकर वितरण व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखें।

### शनिवार को पहुंचेगा 450 मीट्रिक टन यूरिया

बैठक में उप संचालक कृषि निशा सिन्हा ने बताया कि शनिवार को झुकेही रैक पॉइंट से अनूपपुर जिले के लिए 450 मीट्रिक टन यूरिया की खेप पहुंच रही है। इसके वितरण की पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी ताकि किसानों को समय पर खाद उपलब्ध हो सके।

### कालाबाजारी पर होगी सख्त कार्यवाही

अपर कलेक्टर श्री पांडेय ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि उर्वरक की कालाबाजारी, अवैध परिवहन, भंडारण, टैगिंग और नकली उर्वरक विक्रेताओं पर कड़ी कार्रवाई की जाए और सतत निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए पूरी पारदर्शिता बरतना आवश्यक है। बैठक में किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी अपने सुझाव रखे, जिन पर अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

# जंगल में शिकार के लिए बिछाया जाल

### वन विभाग की टीम ने 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार, अन्य फरार

**अनूपपुर, नवभारत 4 सितंबर।** जैतहरी वन परिक्षेत्र के गोबरी बीट अंतर्गत जंगल में शिकार के उद्देश्य से बिछाए गए जाल का भंडाफोड़ करते हुए वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। विभागीय टीम ने मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से शिकार में उपयोग होने वाली सामग्री जब्त की। आरोपियों को बुधवार की रात न्यायालय में पेश किए जाने के बाद जेल भेज दिया



गया, जबकि अन्य आरोपी फरार बताए गए हैं।

वन परिक्षेत्र अधिकारी विवेक मिश्रा ने बताया कि 1 सितम्बर की रात सूचना मिली थी कि गोबरी बीट के गोबरार नाला क्षेत्र कक्ष क्रमांक आरएफ 303 में शिकारियों द्वारा जीआई तार व बांस की खूंटी में रबड़ बांधकर जाल बिछाया गया था।

### डॉग स्क्वॉड की ली गई थी मदद

वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और बांस की डगनी, जीआई तार व खूंटी सहित जाल बरामद किया। जांच में शहडोल डॉग स्क्वॉड की मदद ली गई। परीक्षण के बाद ग्राम झाईताल थाना जैतहरी के रहने वाले गुलाब सिंह, अर्जुन चौधरी, मंगल अगरिया के घरों से शिकार में प्रयुक्त सामग्री बरामद की गई। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

## 24 घंटे में जिले में 7 .4 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर, नवभारत 4 सितंबर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटों में 7.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। विभिन्न वर्षामापी केन्द्रों जिसमें अनूपपुर में 3.2 मिमी, कोतमा में 14.0 मिमी, बिजुरी में 16.4 मिमी, जैतहरी में 8.2 मिमी, वेंकटनगर में 7.5 मिमी, पुष्पराजगढ़ में 4.2 मिमी, अमरकंटक में 4.4 मिमी, बेनीबारी में 1.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

# धोखाधड़ी का 9 वर्षों से फरार आरोपी गिरफ्तार

### 5 वर्षों में पैसा दोगुना करने का दिया था लालच

**अनूपपुर, नवभारत 4 सितंबर।** जिले में धोखाधड़ी के प्रकरण में 9 वर्षों से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देश पर लम्बे समय से फरार आरोपियों की तलाश अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में थाना कोतवाली पुलिस को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी एवं एसडीओपी सुमित केरकेट्टा के मार्गदर्शन में सफलता प्राप्त हुई है।



जानकारी के अनुसार 30 अप्रैल 2016 को फरियादी टीकम प्रसाद रजक निवासी ग्राम हर्री ने थाना कोतवाली अनूपपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फरियादी ने बताया कि सृष्टि वेयर कंपनी के एजेंटों संतोष राठौर एवं नरेन्द्र राठौर ने 5 वर्षों में पैसा दोगुना करने एवं प्रतिमाह 750 रुपये बोनस देने का लालच देकर उससे 50 हजार लिए। इसके अलावा संतोष राठौर ने अलग से 2 हजार लिए लेकिन उसकी कोई पॉलिसी तक नहीं दी गई।

**10 आरोपी पहले ही गिरफ्तार हो चुके है-** इस पर थाना कोतवाली में मामला पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण में 10 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था, लेकिन आरोपी रामदेव राठौर लगातार फरार था। लगातार प्रयासों के बाद 4 सितम्बर को कोतवाली निरीक्षक अरविन्द जैन के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक सुरेन्द्र प्रताप सिंह की टीम ने साइबर सेल की मदद से आरोपी रामदेव राठौर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# अनूपपुर से अंबिकापुर-चिरमिरी की यात्रा बनी मुसीबत

### रेलवे स्टेशन पर मुसाफिरों को करना पड़ता है घंटों इंतजार, यात्री हो रहे परेशान

**अनूपपुर, नवभारत 4 सितंबर।** छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के सीमावर्ती इलाकों के यात्रियों के लिए ट्रेन सुविधा इन दिनों परेशानी का सबब बनी हुई है। अनूपपुर रेलवे स्टेशन से अंबिकापुर और चिरमिरी की ओर यात्रा करने वाले सैकड़ों यात्रियों को प्रतिदिन रात 2.30 बजे से लेकर दोपहर 1.30 बजे तक का लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। इस दौरान कोई सीधी ट्रेन उपलब्ध नहीं है, जिससे यात्रियों को परेशानी हो रही है।

इस लम्बे गैप के दौरान न केवल लोगों का कीमती समय बर्बाद होता है, बल्कि बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को भी



खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्टेशन पर बैठने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से यात्रियों को फर्श पर बैठकर इंतजार करना पड़ता है। गर्मी या बारिश के मौसम में यह परेशानी और भी बढ़ जाती है।

### छात्रों और रोजगार करने वाले हो रहे प्रभावित

अनूपपुर से अंबिकापुर या चिरमिरी जाने वाले छात्र, नौकरीपेशा लोग और छोटे व्यापारी इस ट्रेन सुविधा में आई कमी से सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। उन्हें या तो रात को बहुत जल्दी निकलना पड़ता है या फिर अगले ट्रेन के लिए लगभग 11 घंटे इंतज़ार करना पड़ता है। इससे रोज़मर्रा की गतिविधियाँ भी प्रभावित हो रही हैं।

### बेहतर रेल सुविधा उपलब्ध कराने की मांग

स्थानीय लोगों ने रेलवे प्रशासन से इस रूट पर ट्रेनों की संख्या बढ़ाने या शेड्यूल को यात्रियों की सुविधा अनुसार समायोजित करने की मांग की है। जनप्रतिनिधियों ने भी इस मुद्दे को उठाते हुए रेल मंत्रालय से हस्तक्षेप की अपील की है। लोगों का कहना है कि अनूपपुर एक महत्वपूर्ण जंक्शन है और इससे जुड़े क्षेत्र खनिज, कृषि और पर्यटन की दृष्टि से भी अहम हैं, ऐसे में बेहतर रेल सुविधा मिलनी ही चाहिए।

## खाद वितरण की सुरक्षा के लिए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त

**अनूपपुर नवभारत 4 सितंबर।** जिले में खाद वितरण व्यवस्था को पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट हर्षल पंचोली ने चारों डबल लॉक केन्द्रों पर कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति की है। जिले के जैतहरी, राजेन्द्रग्राम, कोतमा और अनूपपुर मंडी स्थित डबल लॉक केन्द्रों से खाद का वितरण किया जाता है। यहां पर खाद रेलवे रैक से सड़क मार्ग द्वारा वाहनों से पहुंचती है। कलेक्टर ने आदेश जारी कर सुरक्षा और निगरानी के लिए निम्न अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है, जिसमें अनूपपुर मंडी डबल लॉक नायब तहसीलदार अनूपपुर कौशलेन्द्र शंकर मिश्रा, जैतहरी डबल लॉक प्रभारी तहसीलदार जैतहरी रमाकांत तिवारी, कोतमा डबल लॉक नायब तहसीलदार कोतमा ज्ञानदास पनिका, राजेन्द्रग्राम डबल लॉक नायब तहसीलदार पुष्पराजगढ़ राजेन्द्रदास पनिका की नियुक्ति की है।

# गैस एजेंसी में तौल कर नहीं दी जा रही गैस

### मशीन हो गई खराब, उपभोक्ता विश्वसनीयता पर उठा रहे सवाल

**कोतमा नवभारत 4 सितंबर।** स्थानीय अकरम गैस एजेंसी में उपभोक्ताओं को लंबे समय से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार गैस गोदाम में नियमानुसार सिलेंडर का वजन किया जाता है, लेकिन मशीन काफी दिनों से खराब है, जिससे वजन नहीं हो पा रहा रहा है। जिसके चलते उपभोक्ता विश्वसनीयता पर सवाल उठा रहे हैं।

उपभोक्ताओं का कहना है कि सही तरीके से वजन न होने के कारण कई बार सिलेंडरों में कम गैस प्राप्त हो रही है। इससे उपभोक्ता सीधे तौर पर नुकसान



झेल रहे हैं। कंपनी के नियमों के अनुसार प्रत्येक उपभोक्ता को पूरा निर्धारित वजन का गैस सिलेंडर मिलना चाहिए, लेकिन मशीन खराब होने से पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### अधिकारी गैस वितरण नियमों का पालन सुनिश्चित कराएं

उपभोक्ताओं ने एजेंसी संचालक से आग्रह किया है कि तुरंत प्रभाव से वजन करने वाली मशीन की मरम्मत कराई जाए, ताकि उपभोक्ताओं को सही मात्रा में गैस उपलब्ध हो सके और उनकी शिकायतें समाप्त हों। इस संबंध में उपभोक्ताओं ने उच्च अधिकारियों से भी मांग की है कि गैस वितरण में नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जाए और दोषपूर्ण मशीन को ठीक कराकर उपभोक्ताओं को राहत दी जाए।

**इनका कहना है**

गुरुवार को गैस सिलेंडर लेने गया थे तब मशीन खराब थी। जिस हाथ कांटे से सिलेंडर तोला गया उसमें तौल सही दिखाई नहीं दे रहा था। मैं असंतुष्ट हूं।

सुनील मिश्रा
उपभोक्ता

# मानदेय नहीं मिलने से परेशान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की मौत

**नवभारत, कटनी।** जिले के ढीमरखेड़ा तहसील मुख्यालय के दूरस्थ ग्राम आदिवासी अंचल में बसे बिचुआ ग्राम की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की अचानक मौत से विभाग में हड़कंप मच गया है। सरपंच राजकुमार कोल ने बताया कि उचेहरा निवासी रमेश सिंह की पत्नी इंदिरा सिंह (40) बिचुआ में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद पर पदस्थ थी 12 अगस्त अचानक स्वास्थ्य खराब होने के कारण उपचार के दौरान 15 अगस्त को उसकी मौत हो गई थी। परिजनों ने मृतिका बैंक खाते की जांच कराई तो उसमें मात्र तीन हजार रुपए थे तीन माह से काम करने के बावजूद विभाग के द्वारा मानदेय नहीं दिया गया था। परिजनों का कहना है कि तीन माह से मानदेय नहीं मिलने के कारण इंदिरा परेशान रहती थी, इंदिरा की मौत होने के बावजूद विभागीय अधिकारी और संगठन के कोई भी पदाधिकारी न तो घर पहुंचे और न ही किसी प्रकार की सहायता उपलब्ध कराई है।

परिजनों ने बताया कि पोषण ट्रैकर ऐप में फेस कैप्चर के कार्य को लेकर लंबे समय से कार्यकर्ताएं परेशान हैं फेस कैप्चर के कार्य को लेकर आए दिन गांव में गाली-गलौज वाद विवाद की स्थिति भी बन रही है, मामले को लेकर संगठन ने पीएम और सीएम के नाम ज्ञापन सौंप कर समस्या निराकरण करने की मांग की है।

**प्रदर्शन** — नीलकंठ कंपनी की मनमानी के विरोध में भाजपा का प्रदर्शन, महाप्रबंधक ने समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन

# कंपनी अधिग्रहित भूमि के प्रभावितों को रोजगार उपलब्ध कराए

**अनूपपुर, नवभारत 4 सितंबर।** एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र की आमाडांड खदान परियोजना में कार्यरत नीलकंठ इंफ्रा माइनिंग लिमिटेड और एसईसीएल प्रबंधन की मनमानी तथा क्षेत्र की उपेक्षा के विरोध में भारतीय जनता पार्टी ने विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन भाद तिराहा निमहा ग्राम पंचायत के पास भाजपा मंडल अध्यक्ष (राजनगर ग्रामीण) सुषमा जोशी के नेतृत्व में किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने 10 सूत्रीय मांग पत्र के साथ प्रदर्शन कर क्षेत्र की समस्याओं को तत्काल हल करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान जब एसईसीएल जमुना





कोतमा क्षेत्र के महाप्रबंधक मौके पर पहुंचे और शीघ्र समाधान का भरोसा दिया, तब आंदोलन को समाप्त किया गया।

### आंदोलन के बाद प्रबंधन हरकत में आया

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि 15 दिन पूर्व ही एसईसीएल और नीलकंठ कंपनी की मनमानी और क्षेत्रीय उपेक्षा के विरोध में महाप्रबंधक एवं जिला प्रशासन को पत्र सौंपा गया था। कोई कार्रवाई नहीं होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं को सड़क पर उतरना पड़ा। आंदोलन के बाद ही प्रबंधन हरकत में आया।

### किसानों को दिया जाए मुआवजा

भाजपा की प्रमुख मांगों में अधिग्रहित भूमि के प्रभावित ग्रामीणों और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराये जाने, कंपनी के भारी वाहनों से खराब हुई ग्रामीण सड़कों की मरम्मत कराई जाए, सड़क मार्ग पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, कोयला परिवहन से फैल रहे प्रदूषण पर नियंत्रण हो, सीएसआर फंड का उपयोग क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं पर किया जाए, अधिग्रहित भूमि वाले किसानों को नौकरी व मुआवजा देना शामिल है।

**समय सीमा में समस्या का समाधान नहीं तो होगा बड़ा आंदोलन-** मंडल अध्यक्ष सुषमा जोशी द्वारा प्रस्तुत मांग पत्र पर महाप्रबंधक ने 15 दिनों का समय मांगते हुए समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। आंदोलन समाप्त करते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि तय समय में मांगें पूरी नहीं की गईं, तो संगठन पुनः बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा।